# पार्टी से लौट रहे युवक की चाकू से गोद कर हत्या

## चार आरोपियों ने की वारदात, एक आरोपी गिरफ्तार, गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के टीकर गांव की घटना

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 अगस्त, रीवा जिले के गोविंदगढ़ में मौज मस्ती के बीच मामूली विवाद को लेकर एक युवक को उसके ही पहचान वालों ने चाक़ू से गोदकर मौत के घाट उतार दिया.**

चाकू बाजी में गंभीर रूप से घायल युवक को पहले उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई. पुलिस ने मामले मे पहले से चिन्हित एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है, जबकी अन्य की तलाश कर रही है. घटना के संबंध में थाना प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि 11 अगस्त की शाम मृतक अमित सिंह पार्टी मनाने गया हुआ था. शाम तकरीबन 8 बजे जब वह वापस लौट रहा था तभी आरोपी भी पार्टी मनाने के लिए जा रहे थे, इस दौरान रानी तालाब मंदिर टीकर के पास दोनों की मुलाकात हुई थी. बताया गया की मृतक और आरोपियों के बीच पहले से जान पहचान थी, इसी बीच किसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहा सुनी हुई तभी आरोपियों ने अमित सिंह पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया.



### इलाज के दौरान हुई मौत

गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई. बताया जा रहा है की घटना मैं शामिल चारों आरोपियों की पहचान कर ली गई है, जिनमें से एक आरोपी को गिरफ्तार भी किया गया है . मृतक टीकर के बलगाहिन टोला का निवासी है जबकि आरोपी भी पास के गांव के ही रहने वाले है . हालांकि घटना का प्रमुख कारण का खुलासा अभी पुलिस ने नहीं किया है .

# खाद्य सुरक्षा की टीम को देख कर फेंका मावा

## कई दुकानों में दी गई दबिश, जब्त किया गया मावा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 अगस्त, मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत कलेक्टर रीवा के निर्देश पर रौसर रीवा स्थित रम्पत डेयरी के कारखाना में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा दबिश दी गई.**

टीम के अचानक पहुँचने पर संचालक रामपति यादव ने टीम के सदस्यों को बाहर रोककर अंदर जाकर संदिग्ध मावा कारखाने के पीछे लगे खेत में कटीले झाडि?ों में छुपा दिया. टीम के सदस्यों को शंका होने पर अंदर जाकर जांच की गई तो मावा पाया गया जो कि प्रथम दृष्टया संदिग्ध होने से जप्त किया गया. कार खाने में तैयार किए जा रहे मावा एवं दही के नमूने जांच में लिए गए हैं. टीम द्वारा कुठुलिया मोड़ स्थित शगुन डेयरी से जांच हेतु पनीर व मावा के नमूने लिए गए. टीम द्वारा नेहरू नगर स्थित बालकृष्ण डेयरी में जांच के दौरान मावा का स्टॉक पाया. संचालक सच्चिदानंद पांडे ने पूछताछ करने पर बताया कि वह मावा उनके कारखाने से नहीं बनाया है बल्कि मानिकपुरा के व्यापारी मातादीन से खरीद कर रक्षाबंधन के लिए स्टॉक किया गया है. टीम द्वारा जांच के लिए मावा के नमूने लेकर भेजे गए हैं.



इस संबंध में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अम्बरीश दुबे ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर टीम द्वारा कार्यवाही की जा रही है. रौसर में मावा जप्त किया गया है जिसे संचालक द्वारा कारखाने से बाहर फेंक दिया गया था. इसके अलावा कई जगह से नमूने एकत्र किये गये है. जिसे जांच के लिये भेजा गया है, यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी.


# ताली में दो चिकित्सकों की कार में भिड़ंत

## बाल-बाल बचे दोनों चिकित्सक, एक कार चारोंखाने चित्त

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 13 अगस्त। जिला अस्पताल बैढ़न के में पदस्थ चिकित्सक एक्सिस बैंक के पास आज गुरुवार को दो कारों की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए,जबकि कारों में सवार बच्चों समेत कुछ लोगों को मामूली चोटें आई हैं। गनीमत रही कि हादसा बड़ा रूप नहीं ले सका।**

जानकारी के अनुसार डॉ. महेंद्र पटेल अपनी बलेनो कार से बैढ़न की ओर आ रहे थे। इसी दौरान एक्सिस बैंक के पास निवासरत डॉ. बालेंदु साह अपने वाहन को घर से निकालकर मुख्य सड़क की ओर आ रहे थे। इसी दौरान दोनों वाहनों के चालकों का एक-दूसरे के वाहन पर ध्यान नहीं गया और अचानक दोनों कारें आपस में टकरा गईं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बलेनो कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसा होते ही आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और पलटी कार को उठाकर सड़क किनारे खड़ा कराया। हादसे के दौरान सड़क पार कर रहे लोगों की भीड़ भी मौके पर जमा हो गई। घटना की सूचना मिलने पर डायल-112 और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर आवागमन सुचारु कराया। बताया जा रहा है कि कारों में बच्चों समेत सवार लोगों को मामूली चोटें आई हैं।



### अज्ञात वाहन के टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

चितरंगी थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 39 मुख्य मार्ग झोखो में आज सुबह 9 बजे के बीच मोटरसाइकिल सवार चालक को किसी अज्ञात हैवी वाहन के चालक ने टक्कर मार दिया, जहां सीधी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक मऊगंज जिले के नईगढ़ी का निवासी है। पुलिस के अनुसार राजभान साहू पिता मथुरा साहू उम्र 35 वर्ष निवासी नईगढ़ी जिला मऊगंज अपने मोटरसाइकिल से करथुआ की ओर आ रहा था कि झोखो मुख्य मार्ग में अज्ञात वाहन ने ठोकर मार कर फरार हो गया।

# दामोदरगढ़ ग्राम पंचायत सचिव निलंबित

## जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 अगस्त, जनपद पंचायत हनुमना के अन्तर्गत आने वाले दामोदरगढ़ ग्राम पंचायत के सचिव महेन्द्र कुमार मिश्रा को तत्काल प्रभाव से जिला पंचायत सीईओ ने निलंबित कर दिया है और निलंबन अवधि में मुख्यालय जनपद पंचायत हनुमना नियत किया गया है.**

कार्यालय जनपद पंचायत हनुमना में सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने बैठक ली थी. समीक्षा बैठक के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत दामोदरगढ में मनरेगा योजना में अगस्त माह तक लक्षित मानव दिवस 457 के विरूद्ध मात्र 60 मानव दिवस सृजित किए गए, जबकि ग्राम पंचायत दामोदरगढ में सर्वाधिक 63 कार्य प्रगतिरत है.

जल गंगा अभियान, खेत तालाब तथा वीबी-जी रामजी के कुल 06 कार्य लंबित है. उक्त कार्यों का निर्माण कार्य 31 जुलाई 2026 तक पूर्ण किए जाने के निर्देश दिये गये थे. प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रा.) में वर्ष 2024-25 में कुल 374 आवास स्वीकृत थे जिसमें से 92 आवास अपूर्ण है साथ ही अन्य योजनाओं की समीक्षा में सीएम हेल्पलाइन, वृक्षारोपण, जल गंगा संवर्धन अभियान, वॉश ऑन व्हील्स, ओएसआर कर वसूली, पंचायत व निर्माणाधीन भवन, संबल की प्रगति न्यून पाई गई. जिस पर सचिव दामोदरगढ़ महेन्द्र कुमार मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया.

**AURANGABAD SMART CITY DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED (ASCDCL)**

**CORRIGENDUM 2 - EXTENSION OF BID DUE DATE**

ASCDCL invites firms possessing relevant capabilities to respond to this RFP for following

| Sr.No. | Title and Tender ID No. | Bid Due Date | Bid Opening Date |
| --- | --- | --- | --- |
| 01 | CONCEPTUALISING, BRANDING, DESIGNING ARTWORKS, GRAPHICS AND ILLUSTRATIVE SIGNAGES FOR THE ZOOLOGICAL PARK, CHHATRAPATI SAMBHAIJANAGAR **2026_ASCDC_1323976_1** | 14 AUG 2026 5.00 p.m. | 17 AUG 2026 11.00 a.m. |

The tender document can be downloaded from **https://www.mahatenders.gov.in**

Sd/-
**Chief Executive Officer**
Aurangabad Smart City Development Corporation Limited

**Kolhapur Municipal Corporation**
**Property Tax Department**

**Tender Notice No: 49**

Online bids are invited from eligible bidders for Selection of Agency for Providing Services for Assisting Numbering, Survey and Assessment of all Properties on Revenue Generation Sharing Basis Model and Providing Required Software and Hardware for Kolhapur Municipal Corporation. The tender document containing the terms and conditions can be downloaded from www.mahatenders.gov.in. The last date for online submission of the tender is 27/08/2026 till 17.00 hrs.

**Sd/-**
**Commissioner**
**Kolhapur Municipal Corporation**

# तिरंगा यात्रा के दौरान बीमार दो दर्जन छात्राएं अस्पताल से डिस्चार्ज

## तिरंगा यात्रा के दौरान डेढ़ दर्जन छात्राओं की बिगड़ी थी तबीयत

नवभारत न्यूज

**चितरंगी 13 अगस्त। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित तिरंगा यात्रा के दौरान भीषण गर्मी और तेज धूप के चलते करीब दो दर्जन स्कूली छात्राओं की अचानक तबीयत बिगड़ गई।**

कई छात्राएं चक्कर आने के बाद बेहोश होकर गिर पड़ीं, जिसके बाद मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। आनन-फानन में सभी छात्राओं को चितरंगी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार किया। बताया गया कि करीब 5 किलोमीटर लंबी यात्रा के दौरान छात्राओं को तेज धूप और उमस का सामना करना पड़ा। तबीयत बिगड़ने पर उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया। चितरंगी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. एचएस बैस ने बताया कि लंबे समय तक धूप में रहने के कारण छात्राओं की तबीयत प्रभावित हुई थी। आवश्यक उपचार और दवाइयां देने के बाद सभी छात्राओं की स्थिति में सुधार हुआ। सभी छात्राएं अब पूरी तरह स्वस्थ हैं और उन्हें शाम के वक्त ही अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया था।



# मुख्य समारोह में राज्यमंत्री प्रतिमा करेंगी ध्वजारोहण

## परेड ग्राउण्ड में होगा आयोजन

नवभारत न्यूज

**सतना 13 अगस्त. स्वतंत्रता दिवस का जिला स्तरीय मुख्य समारोह 15 अगस्त को प्रात: 9 बजे स्थानीय पुलिस परेड ग्राउण्ड सतना में आयोजित किया गया है।**

मुख्य समारोह में नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगी। स्वतंत्रता दिवस समारोह के पल-प्रतिपल निर्धारित कार्यक्रमानुसार 15 अगस्त को प्रात: 9 बजे मुख्य अतिथि का आगमन होगा और सबसे पहले राष्ट्रगीत वंदे मातरम का गायन होगा। मुख्य अतिथि प्रात: 9.04 बजे से 9.07 तक ध्वजारोहण कर सलामी लेंगे। प्रात: 9.10 बजे से 9.30 तक परेड का निरीक्षण मार्च पास्ट, प्रात: 9.30 बजे से 10 बजे तक मुख्यमंत्री जी के संदेश का सीधा प्रसारण किया जायेगा।

प्रात: 10 बजे से 10.10 बजे तक मुख्य अतिथि द्वारा बधाई संदेश का वाचन, प्रात: 10.10 बजे से 10.40 तक पीटी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रदर्शन, प्रात: 10.40 से 10.45 तक राष्ट्रगीत का गायन, प्रात: 10.45 से प्रात: 10.50 बजे तक राष्ट्रगान तथा प्रात: 10.50 बजे से पुरूस्कार एवं प्रशस्ति पत्र का वितरण किया जायेगा।



# पत्नी ने पति पर लगाया जिंदा जलाकर मारने का आरोप

## घर में आग लगते ही पीछे के दरवाजे से भागी महिला, पहुंची थाना

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 अगस्त, रीवा शहर में पति-पत्नी के बीच विवाद का एक बेहद ही हैरान कर देने वाला मामला प्रकाश में आया है.**

शहर के सिविल लाइन थाना पहुंची महिला ने अपने ही पति पर घर में आग लगाकर उसे जिंदा जलाकर मारने के प्रयास का आरोप लगाया है. पीड़ित महिला के मुताबिक पति द्वारा घर में लगाई गई आग से खुद को बचने के लिए महिला ने पीछे के रास्ते से भाग कर अपनी जान बचाई है. दरअसल मामला शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में स्थित वार्ड क्रमांक 5 भवानी नगर का है. बताया गया की भवानी नगर के एक मकान में आग लगने की घटना हुई, इसके बाद महिला वहां से बच्ची के साथ निकल कर सीधे थाने पहुंची है जबकि घर का सारा सामान जलकर खाक हो गया. पीड़िता सुमन सिंह का कहना है कि उसका पति रवि करण सिंह उसे जान से मारने का प्रयास कर रहा है. आरोप है की इसके पूर्व मे भी वह उसके साथ इस तरह की घटना को अंजाम दे चुका है. बता दे की घटना आज सुबह तकरीबन सात बजे की है.

पीड़िता का कहना है कि उसका पति रवि करण सिंह सुबह घर आया था और दरवाजा खुलवा रहा था, जैसे ही पत्नी ने दरवाजा खोला तो पति उसके साथ मारपीट करने लगा और पेट्रोल डालकर आग लगाने का प्रयास किया. सुमन ने बताया कि घटना के दौरान दरवाजा बंद था, ऐसे मे वह पीछे के दरवाजे से जान बचाने अपनी बच्ची को लेकर भागी और थाना जा पहुंची. हालांकि घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस में महिला के पति रवि करण सिंह को थाने लाकर पूछताछ कर रही है.

# रीवा के बीएल त्रिपाठी बने राष्ट्रीय अध्यक्ष

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 अगस्त, गांधी नगर गुजरात में संपन्न हुए अखिल भारतीय केंद्रीय विद्यालय शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अधिवेशन में रीवा के केंद्रीय विद्यालय शिक्षक बीएल त्रिपाठी अखिल भारतीय केंद्रीय विद्यालय शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए.**

उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी शिक्षक साथी को 102 मतों से हराया. साथ ही केंद्रीय विद्यालय दिल्ली कैंट के केपी सिंह शिक्षक संघ महासचिव निर्वाचित हुए , वर्तमान में बीएल त्रिपाठी केंद्रीय विद्यालय क्रमांक एक सतना में पदस्थ है इससे पहले वह कई सालों तक केंद्रीय विद्यालय क्रमांक एक रीवा में गणित व्याख्याता के पद पर पदस्थ रहे हैं.



# उच्च शिक्षा मंत्री आज सतना अल्प प्रवास पर आएंगे

**सतना 13 अगस्त.** मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार शुक्रवार 14 अगस्त को प्रात: 6.30 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से सतना आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्री परमार प्रात: 9 बजे सतना से पन्ना जिले के लिए प्रस्थान करेंगे।



# मासूम नातिन का शव मिला, दादा की तलाश जारी

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 13 अगस्त। लंघाडोल थाना क्षेत्र के पोड़ीपाठ गांव स्थित करी नाला में अचानक बाढ़ आने से बीते दिन कल बुधवार की दोपहर के वक्त दादा एवं मासूम नातिन डूब गये। जहां नातिन मासूम बच्ची का शव बरामद हुआ है, लेकिन प्रौढ़ व्यक्ति की तलाश जारी है।**

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पोड़ीपाठ निवासी जैना सिंह पिता स्व. जकहा सिंह उम्र 55 वर्ष अपनी तीन वर्षीय मासूम नातिन दियावती सिंह पुत्री दलप्रताप सिंह को लेकर करी नाला बुधवार की दोपहर करीब 1-2 बजे के बीच पार कर रहा था कि अचानक आए बाढ़ में बह जाने की चर्चा है। नाले में बहने की सूचना मिलते ही लंघाडोल थाना प्रभारी पुष्पेन्द्र धुर्वे स्टाफ के साथ घटनास्थल पहुंच ग्रामीणों की मदद से तलाश शुरू कर दिया। आज गुरूवार की सुबह 3 साल की मासूम बच्ची दियावती का शव मिला है, लेकिन प्रौढ़ व्यक्ति का शव अभी भी बरामद नही हुआ है। पुलिस लगातार सर्च कर रही है, लेकिन अभी तक प्रौढ़ व्यक्ति का पता नही चल पाया।

# निजी कॉलेजों की मनमानी पर उच्च शिक्षा विभाग गंभीर

## शिकायतों को लेकर अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा की 6 घंटे चली मैराथन बैठक

नवभारत न्यूज


**सतना, 13 अगस्त. जिले के निजी महाविद्यालयों में व्याप्त अनियमितताओं और संचालकों की मनमानी पर अब उच्च शिक्षा विभाग का चाबुक चला है. लंबे समय से मिल रही सैकड़ों शिकायतों का संज्ञान लेते हुए उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. महेंद्र मणि ने शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ( डिग्री कॉलेज ) में सभी निजी कॉलेजों के प्राचार्यों और संचालकों की छह घंटे तक मैराथन बैठक ली.**

जिले के विभिन्न निजी कॉलेजों से लगातार विद्यार्थियों के मनमानी फीस वसूली,टीसी और प्रशासनिक ढिलाई से जुड़ी शिकायतें सामने आ रही थीं. शिकायतों की बाढ़ आने के बाद अतिरिक्त संचालक ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए यह आपात बैठक बुलाई. बैठक के दौरान अधिकारियों के तेवर बेहद कड़े नजर आए और उन्होंने एक-एक कर सभी शिकायतों की गहन समीक्षा की. जानकारी के मुताबिक लगभग 200 से उपर सीएम हेल्प लाइन अलग अलग शिकायते महाविद्यालयों की गई हैं और यह शिकायतें छात्रों के द्वारा दर्ज कराई गई है. अतिरिक्त संचालक ने निजी कॉलेज प्रबंधनों को दोटूक चेतावनी देते हुए स्पष्ट कर दिया कि छात्रहित के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. विभाग के इस आक्रामक रुख और छह घंटे की मैराथन बैठक के बाद से ही जिले भर के निजी कॉलेज संचालकों में हड़कंप का माहौल व्याप्त है.



### टीसी के नाम पर छात्रवृत्ति हड़प रहे निजी कॉलेज

यदि कोई छात्र किसी निजी महाविद्यालय में दाखिला लेने के बाद उसी सत्र में अपना नाम वापस लेना चाहता है या कॉलेज छोड़ना चाहता है, तो प्रबंधन उसे आसानी से टीसी नहीं देता . कॉलेज द्वारा छात्र पर पूरे 3 साल की फीस एक साथ जमा करने का अनुचित दबाव बनाया जाता है . यदि छात्र पूरे 3 साल की फीस देने में असमर्थता जताता है, तो कॉलेज प्रशासन उसकी छात्रवृत्ति रोक लेता है या उसे खुद डकार जाता है .गरीब और मध्यमवर्गीय विद्यार्थियों के हक पर डाका डालने वाले इस तानाशाही रवैये को अतिरिक्त संचालक ने बेहद गंभीरता से लिया है .अधिकारियों ने साफ कर दिया है कि छात्रों के भविष्य और छात्रवृत्ति के साथ खिलवाड़ करने वाले ऐसे कॉलेजों की मान्यता रद्द करने के साथ-साथ उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी .




स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99